an>

Title: Need to take development projects in Sheohar Parliamentary Constituency.

श्रीमती रमा देवी (शिवहर): अध्यक्ष महोदया, आपने मुझे बोलने का अवसर दिया, इसके लिए मैं आपको धन्यवाद देती हूं। मेरे संसदीय क्षेत्र शिवहर आर्थिक, औद्योगिक, शैक्षणिक एवं मानवीय जीवन स्तर के मापदण्ड में बहुत ही पिछड़ा जिला है। इस जिले के लोगों की औसत आय भी भारतीय औसत आय से बहुत ही कम है। इसके कारण इस जिले के लोग रोजगार की तलाश में अन्य राज्यों में पलायन कर रहे हैं। भारत सरकार ने पिछड़े जिलों के विकास और इन जिलों में रहने वाले लोगों के आर्थिक एवं सामाजिक विकास हेतु कई योजनाएं चला रखी हैं, परन्तु मेरे संसदीय क्षेत्र शिवहर में इन योजनाओं का अता-पता नहीं है। धन के अभाव में चिकित्सा व्यवस्था न होने से लोगों की मौत आम हो गई है। इस जिले के बच्चे पौष्टिक आहार न मिलने पर कुपोषित हो गए हैं। पिछड़ा जिला अनुदान निधि के पैसे का रिकार्ड न के बराबर है। मैं शिवहर जिले के विकास हेतु मांग करती हूं कि इस जिले में विकास संबंधी संरचना की रूपरेखा तैयार की जानी चाहिए। ...(व्यवधान) इस जिले में साक्षरता, सिंचाई साधनों, आय बढ़ाने संबंधी एवं रोजगार सृजन कार्यों की समीक्षा की जानी चाहिए।...(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : बहुत लम्बा-चौड़ा नहीं बोलना है। आपकी बात हो गई है।

â€¦(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष :

श्री भैरों प्रसाद मिश्र और

कुंवर पुष्पेन्द्र सिंह चन्देल को श्रीमती रमा देवी द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है।